**2023**

**ELECTIVE HINDI**

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

***साधारण निर्देश :***

*(i)* ***इस प्रश्न–पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।***

*(ii)* ***प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है ।***

*(iii)* ***प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।***

*(iv)* ***उत्तर देते समय प्रश्न–पत्र में दी गई प्रश्न–संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए ।***

**खण्ड — 'क'**

**(पद्य – 8+12=20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) और सचमुच इन्हें जब–जब देखता हूँ
यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है –
और मैं एकान्त होता हूँ ।

*अथवा*

(ख) इस आकाश में विलीन हो जाता हूँ मैं ;
यह आकाश आकर विलीन हो जाता है मुझमें ;
अलग हुए दो
हो जाते हैं एक
हो जाते हैं ।

**निर्देश :** प्रश्न–संख्या **2** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **3** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **4** और **5** के उत्तर लगभग **30–30** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **6** और **7** के उत्तर एक–एक वाक्य में तथा प्रश्न–संख्या **8** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

2. रहिमन जिह्वा बावरी, कहिगी सरग पताल ।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ।।
— रहीम के उपर्युक्त दोहे का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 4

3. 'काश्मीर' कविता का भावार्थ लिखिए। 3

4. कौन विष-पुरुष हो गए हैं और क्यों ? 2

5. सुमिर सनेह सों तू नाम रामराय को।
संबल निसंबल को, सखा असहाय को ।।
— तुलसीदास के उपर्युक्त पद का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

6. रहीम के अनुसार मनुष्य कब दीनबन्धु के समान हो सकता है ? 1

7. सुदामा कौन था ? 1

8. 'लुहार से' कविता का रचयिता कौन है ? 1

(क) केदारनाथ अग्रवाल (ख) गोपाल कृष्ण अडिग
(ग) भवानीप्रसाद मिश्र (घ) अज्ञेय

## खण्ड — ख
### (गद्य – 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) जिस संघर्ष के लिए हमने अपने को दिया है, उसके वीच यह आपसी सुख उठा लेना भी चोरी करने जैसा हो जाता है। लगता है हमें यह हक नहीं है।

*अथवा*

(ख) आज हम यहीं संकल्प लें कि स्त्री के प्रति हम अन्याय नहीं होने देंगे, जो शोषित है, पीड़ित है उसके प्रति हम कभी भी अन्याय नहीं होने देंगें।

10. 'मानसरोवर के हंस' अथवा 'ठेले पर हिमालय' पाठ का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

11. 'मैतैलोन' पाठ के आधार पर लेखक के मातृभाषा-प्रेम को स्पष्ट कीजिए। 4

12. 'पहले वीरता का दम्भ और अन्त में करुणा की भीख ! कायरों का यही नियम है।'
— उपर्युक्त कथन किसने, किससे, किस प्रसंग में कहा है ? स्पष्ट कीजिए। 3

13. सावनी प्रसून क्या है ? उसको झड़ते देखकर कौन कैसा विलाप करता है ? 2

14. 'सलामी फौज' में कितने सिपाही थे? 1

(क) पचास (ख) एक सौ
(ग) डेढ़ सौ (घ) दो सौ

15. 'महाभारत की एक सांझ' एकांकी का रचयिता कौन है ? 1

(क) धर्मवीर भारती (ख) कमलेश्वर

(ग) ख्वाइराकपम चाभोबा सिंह (घ) भारतभूषण अग्रवाल

## खण्ड — 'ग'

### (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **16** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **17** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **18** और **19** के उत्तर लगभग **30 – 30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **20, 21** और **22** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **23** का उत्तर नीचे दिए गए संकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

16. गांधीजी को 'जीती-जागती शक्ति' क्यों कहा गया है ? 4

17. सांस्कृतिक एकता का महत्व क्या है ? स्पष्ट कीजिए । 3

18. गांधीजी के आदेश से लेखिका द्वारा किए गए कार्य का क्या परिणाम हुआ ? 2

19. मणिपुरी संस्कृति के बाह्य पक्ष में क्या-क्या होते हैं ? 2

20. लेखिका की दृष्टि में गांधीजी की महानता का मुख्य कारण क्या था ? 1

21. किसके डर से माली ने सोना को रस्सी से बाँध रखा ? 1

22. लेखिका ने अपने बचपन में बापू को किस रूप में अधिक देखा था ? 1

23. लेखिका की बिल्ली का नाम क्या है ? 1

(क) फ्लोरा (ख) हेमंत

(ग) सोना (घ) गोधूली

## खण्ड — घ

### (वाचन – 10 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **24** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **25** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में लिखिए।

24. टिप्पण किसे कहते हैं ? टिप्पण-लेखन में क्या-क्याा लिखना आवश्यक होता है ? स्पष्ट कीजिए । 1+2=3

25. 'टिप्पण-लेखन निश्चित रूप से एक कला है ।'

– उपर्युक्त कथन को स्पष्ट कीजिए । 2

26. 'General Manager' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

27. 'Viva Voce' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

28. 'Scale of Pay' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

29. 'Pilot' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

30. 'Terminology' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

### खण्ड — ङ

### (लेखन – 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक हाई स्कूल के पी.ई.टी. हैं । आपके स्कूल में मनाए जा रहे वार्षिक खेल-दिवस के समारोह में आपको (क) 'जीवन में खेल-कूद का महत्व' अथवा (ख) 'विद्यार्थी जीवन और खेल-कूद' विषय पर भाषण देना है । इस सम्बन्ध में आप लगभग **160** शब्दों में एक भाषण लिखिए । 8

32. मान लीजिए कि आप एक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं । आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने हेतु (क) 'मोबाइल फोन के लाभ तथा हानियाँ' अथवा (ख) 'पुस्तकालय का महत्व' विषय पर लगभग **150** शब्दों में एक सम्पादकीय लेख लिखिए। 7

### खण्ड — 'च'

### (व्याकरण – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **33** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **34, 35** और **36** के उत्तर लगभग **30–30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **37** से **42** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

33. उपवाक्य किसे कहते हैं और कितने प्रकार के होते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 1+2=3

34. पदबन्ध और उपवाक्य का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

35. सर्वनाम पदबन्ध किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

36. मुहावरा किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

37. 'राजकुमार' और 'युवराज' – इन दो समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

38. वाक्य शुद्ध कीजिए – किसान ने बैलों के कन्धों पर जुआ रखा । 1

39. वाक्य शुद्ध कीजिए – दस स्त्रियाँ और पाँच बालकों को भोजन दो । 1

40. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

41. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

42. 'दाल-भात में मूसल चन्द' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

---